# यूपी में भारी बारिश का अलर्ट, पहाड़ों में फ्लैश फ्लड का खतरा



दि ग्राम टुडे,कानपुर / लखनऊ। मानसून की सक्रियता के बीच अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में बारिश का दौर तेज रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 से 21 अगस्त 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में गरज–चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही प्रदेश के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ यानी फ्लैश फ्लड का जोखिम भी बना हुआ है।

मौसम की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन और आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। लगातार बारिश की स्थिति में निचले इलाकों में जलभराव, कच्चे मकानों को नुकसान, जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित होने तथा छोटे नदी–नालों के जलस्तर में अचानक वृद्धि जैसी स्थिति सामने आ सकती है।

**उत्तर प्रदेश में गरज–चमक के साथ भारी बारिश**

उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान गरज–चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बारिश के साथ तेज हवाएं और आकाशीय बिजली की गतिविधियां भी परेशानी बढ़ा सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी इलाकों में भी निचले स्थानों पर पानी भरने की स्थिति बन सकती है।

प्रशासन की ओर से लोगों को मौसम खराब होने के दौरान अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर जाने से बचने और बिजली चमकने के समय पेड़, विद्युत खंभे तथा खुले मैदान से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा सकती है।

**पहाड़ों में भूस्खलन और अचानक बाढ़ का खतरा**

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और फ्लैश फ्लड का खतरा बना रहेगा। लगातार बारिश से पहाड़ी नदियों और बरसाती नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में पर्वतीय मार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

**दिल्ली–छब्, पंजाब और हरियाणा में भी बारिश**

दिल्ली–छब् के साथ पंजाब और हरियाणा में भी बादल छाए रहने तथा कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट और मौसम सुहावना होने के साथ–साथ यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति भी बन सकती है।

**मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय**

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी मानसून के सक्रिय रहने तथा कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान है। लगातार बारिश वाले क्षेत्रों में स्थानीय जलभराव और नदी–नालों के जलस्तर पर निगरानी आवश्यक होगी।

**प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत**

मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए जिला प्रशासन, नगर निकाय, पुलिस, सिंचाई और आपदा प्रबंधन विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर बनाए रखने की आवश्यकता है। विशेष रूप से निचले इलाकों, जलभराव वाले क्षेत्रों, नदी–नालों के आसपास तथा पुराने और जर्जर भवनों के संबंध में सतर्कता बरतना जरूरी होगा।

